# मेरा हर ग्यारस को खाटू आना जाना हो गया लिरिक्स

तुझसे नज़रे मिली तो,
मैं दीवाना हो गया,
मेरा हर ग्यारस को,
खाटू आना जाना हो गया।bd।

---

पहली बार बाबा खाटू,
नगरी मैं आया,
दर्शन पाके तेरे बाबा,
मन मेरा हर्षाया,
प्यारा मुखड़ा तेरा देखा,
चमक निराली पाई,
तेरे दर्शन मात्र से,
खुशियां भर भर आई,
तुझसे मिलने का अब ये,
बहाना हो गया,
मेंरा हर ग्यारस को,
खाटू आना जाना हो गया।bd।

---

दुनिया के हर कोने से,
भक्त तेरे दर आये,
देने वाला तू दानी,
हम झोली फैलाये,
किसी चीज़ की कमी नही,
यहां भरे रहे भंडार,
दातार तू एक साँवरा,
मांगे सब संसार,
मेरी खुशियों का खाटू अब,
ठिकाना हो गया,
मेंरा हर ग्यारस को,
खाटू आना जाना हो गया।bd।

---

एक हाथ में ध्वजा विराजे,
मुख पे तेरा नाम,
तोरन द्वार पे आके मिलता,
तन मन को आराम,
श्याम कुंड का निर्मल जल,
धूल जाते सब पाप,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

मोरछड़ी का झाड़ा मिटाये,
दुखियों के संताप,
तेरे दर का दीवाना ये,
ज़माना हो गया,
मेंरा हर ग्यारस को,
खाटू आना जाना हो गया।bd।

---

तेरी रहमत सब पे बरसे,
तू बड़ा दिलदार,
‘राहुल’ तेरे दर पे आया,
करना बेड़ा पार,
इतनी सी मेरी अर्ज़,
सावँरा सुनना लखदातार,
तेरे मेरे दिल का बाबा,
जुड़ा रहे हर तार,
तुझसे रिश्ता मेरा ये,
अब पुराना हो गया,
मेरा हर ग्यारस को,
खाटू आना जाना हो गया।bd।

---

तुझसे नज़रे मिली तो,
मैं दीवाना हो गया,
मेरा हर ग्यारस को,
खाटू आना जाना हो गया।bd।

**Singer – Prince Gandhi**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com